राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

अधिकारों के साथ संविधानिक कर्तव्यों के लिए भी सभी को सजग रहने की जरूरत- राज्यपाल

जयपुर, 23 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि संविधान ने हमें मौलिक अधिकार दिए है तो कर्तव्य भी बताये हैं इसलिए अधिकारों के साथ कर्तव्यों के लिए भी सभी को सजग रहकर कार्य करने की जरूरत है।

राज्यपाल श्री मिश्र मंगलवार को कानपुर में दुर्गाप्रसाद विद्यानिकेतन द्वारा आयोजित 'कानपुर विभूति रत्न' सम्मान समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने राजस्थान में विश्वविद्यालयों में संविधान पार्क बनाने की पहल की है ताकि उच्च शिक्षण संस्थाओं में पढ़ने वाली हमारी युवा पीढ़ी संविधान की संस्कृति से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि राजस्थान के राजभवन में भी पृथक से संविधान वाटिका का निर्माण किया जा रहा है जिसमें संविधान निर्माण के आरम्भ से लेकर संविधान लागू होने तक के इतिहास की रोचक यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा ।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों में जो उदारता के भाव है, वह अन्य किसी भी संस्कृति में नहीं है। इसलिए भारतीय संस्कृति में निहित जीवन मूल्यों की रक्षा करने के लिए शिक्षण संस्थाओं को कार्य करना चाहिए ।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कोविड काल में दी गई सेवाओं के लिए नौ लोगों को कार्यक्रम में दुर्गाप्रसाद विद्यानिकेतन का 'कानपुर विभूति रत्न' सम्मान भी प्रदान किया।

समारोह में राजस्थान की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र,सांसद श्री सत्यदेव पचौरी, विद्यानिकेतन के संस्थापक अध्यक्ष श्री के.ए.दुबे पद्मेश, शिक्षकगण सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।